सेशल्स के राष्ट्रपति के सम्मान में आयोजित राजभोज के अवसर पर माननीय राष्ट्रपति का अभिभाषण

राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली : 26.08.2015

महामहिम, राष्ट्रपति जेम्स एलेक्स मिशेल,
विशिष्ट अतिथिगण,
देवियो और सज्जनो,

मुझे आज की शाम महामहिम का स्वागत करते हुए बहुत प्रसन्नता हो रही है। इसी वर्ष कुछ समय पूर्व भारत के प्रधानमंत्री की सेशल्स की यात्रा के बाद आपकी यह यात्रा इस बात पर जोर देती है कि हमारी सरकारें हमारी कार्यनीतिक साझीदारी को कितना अधिक महत्त्व देती हैं।

महामहिम,

भारत और सेशल्स के बीच मैत्री के प्रगाढ़ संबंध समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं। सेशल्स की आजादी के समय से पिछले चार दशकों के दौरान हमने विकास और प्रगति के अपने साझा लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए मिल-जुलकर प्रयास किए हैं। हमने मिल-जुलकर चुनौतियों का सामना किया है, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों को सुलझाया है, संकटों पर विजय पाई है तथा अपनी सफलताओं पर उत्सव मनाए हैं। भारतीय नौसेना की टुकड़ी द्वारा इस वर्ष आपके राष्ट्रीय दिवस की परेड में शामिल होना न केवल भारत के लिए सम्मान की बात थी वरन् हमारी साझा भावनाओं का भी प्रतीक थी।

माननीय राष्ट्रपति जी, हम सेशल्स के बारे में आपके सपनों तथा इसकी प्रगति और विकास को पुन: ऊर्जा प्रदान करने के आपके प्रयासों की सराहना करते हैं। आप द्वारा शुरू किए गए आर्थिक सुधार, आपकी अर्थव्यवस्था का विस्तार तथा विविधीकरण तथा साथ-साथ सामाजिक कल्याण पर आपके द्वारा दिए जा रहे विशेष ध्यान के ठोस परिणाम सामने आए हैं। सेशल्स अब उन देशों की श्रेणी में शामिल है जिन्हें विश्व बैंक ने उच्च आय समूह के देशों के रूप में मान्यता प्रदान की है। हम विश्व व्यापार संगठन में आपके प्रवेश का स्वागत करते हैं तथा संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा आपको वर्ष 2014 में अफ्रीका में तीसरे उच्चतम मानव विकास सूचकांक वाले देश के रूप में शामिल किए जाने पर आपको बधाई देते हैं।

'सतत् विकास के लिए नीली अर्थव्यवस्था' की संकल्पना के विकास में आपके प्रयासों तथा लघु द्वीपीय विकासशील देशों की समस्याओं के प्रति आपकी प्रतिबद्धता को भारत में प्रतिध्वनि तथा समर्थन प्राप्त हुआ है। अपने लंबे समुद्री तट, बहुत से छोटे-छोटे द्वीपों तथा समुद्री जलवायु प्रणाली पर काफी निर्भरता को देखते हुए भारत में भी हम इसी तरह की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि हमारी सरकारों ने जिन करारों पर हस्ताक्षर किए हैं तथा आपकी यात्रा के दौरान सहयोग के जिन नए क्षेत्रों की हमने पहचान की हैं वह हमारी उस साझीदारी को और मजबूत करेंगे जो पहले ही पारस्परिक रूप से लाभदायक दक्षिण-दक्षिण सहयोग का उदाहरण है। नीली अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में सहयोग पर हमारा समझौता हिंद महासागर के संसाधनों के संरक्षण और उनके सतत् प्रयोग की दिशा में एक बड़ा कदम है। हमें

खुशी है कि हमारा सामुद्रिक सुरक्षा सहयोग लाभदायक रहा है। समुद्र तटीय चौकसी तथा रेडार प्रणाली के चालू हो जाने पर आपके सामुद्रिक क्षेत्र की सुरक्षा में और अधिक योगदान मिलेगा। माहे और मुंबई के बीच हवाई आगमन के बढ़ने से दोनों ओर पर्यटकों के आगमन को बढ़ावा मिलेगा तथा व्यापार संबंधों को सघन करने और द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ाने में सहायता मिलेगी। आपकी सरकार द्वारा प्राथमिकता निर्धारित क्षेत्रों में सेशल्स को सहयोग और सहायता प्रदान करने के लिए भारत प्रतिबद्ध है।

महामहिम, हमारे परंपरागत संबंध तथा सांस्कृतिक निकटताएं बहुपक्षीय मंचों पर हमारे कार्यनीतिक तालमेल का आधार हैं। विस्तारित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता की हमारी उम्मीदवारी को आप द्वारा दिए गए सहयोग की हम सराहना करते हैं। संयुक्त राष्ट्र के इस 70वें वर्ष में संयुक्त राष्ट्र महासभा की आगामी बैठक में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सुधार तथा विस्तार पर चर्चा होगी जिसके लिए एक अंतर सरकारी विचार-विमर्श प्रस्ताव पहले ही प्रस्तुत किया जा चुका है। हम रचनात्मक परिणाम के लिए आपके साथ मिल-जुलकर प्रयास करने के लिए उत्सुक हैं।

मैं इस अवसर पर यह दोहराना चाहूंगा कि भारत अफ्रीका के साथ अपनी साझीदारी के प्रति मजबूती से प्रतिबद्ध है। इसका एक उदाहरण भारत-अफ्रीका मंच शिखर सम्मेलन हैं जो 2008 में शुरू हुए थे। भारत इस वर्ष अक्तूबर में मंच का तीसरा शिखर सम्मेलन आयोजित करेगा। हमें उम्मीद है कि इस शिखर सम्मेलन से हमारी जनता के सामाजिक-

आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए नई युक्तियां निकलेंगी। हमें इस शिखर सम्मेलन में आपकी सहभागिता की प्रतीक्षा है।

मानीय राष्ट्रपति जी इन्हीं शब्दों के साथ मैं एक बार फिर आपका तथा आपके शिष्टमंडल के विशिष्ट सदस्यों का स्वागत करता हूं तथा आपकी बहुत उपयोगी और आनंददायक यात्रा की कामना करता हूं।

देवियो और सज्जनो, आइए हम सब मिलकर:

- महामहिम राष्ट्रपति जेम्स एलेक्स मिशेल के अच्छे स्वास्थ्य और कुशलता;
- सेशल्स गणराज्य की जनता की निरंतर प्रगति और समृद्धि, तथा
- भारत और सेशल्स की मैत्रीपूर्ण जनता के बीच स्थाई मैत्री के लिए, कामना करें।